**Date:** 3 June, 2024

To,
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai - 400 001

**Scrip Code: 531156**
**Trading Symbol: ALFAVIO**

**Dear Sir,**

Newspaper Cutting of Published Audited Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2024. Pursuant to Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, please find enclosed copies of Audited Financial Results of the company for the Quarter and Year ended on March 31, 2024, published in newspaper namely Global Herald.

We request you to take the note of the same.

**Thanking you,**

**Yours faithfully,**

**For Alfavision Overseas (India) Limited**

DEVI DAYAL
Digitally signed by DEVI DAYAL
Date: 2024.06.03 15:43:22 +05'30'


**Devi Dayal**
**(Company Secretary**
**& Compliance Officer)**

न्यूज ब्रीफ

## अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल पा रहा ठंडा पानी, पानी की बोतलें खरीदने को हो रहे मजबूर

**दमोह।** दमोह जिला अस्पताल में इस भीषण गर्मी में मरीजों और उनके परिजनों को ठंडा पानी पीने नहीं मिल रहा है। यहां लगे वॉटर कूलर गर्म पानी दे रहे हैं। इससे मजबूरी में मरीज बाहर से ठंडे पानी की बोतल खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। नौतपा में प्रतिदिन तापमान बढ़ने से भीषण गर्मी हो रही है। दो दिन पहले दिन का तापमान 47 डिग्री तक पहुंच चुका था। ऐसे में लोगों को गला तर करने ठंडे पानी की जरूरत पड़ रही है। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों व परिजनों को ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। 300 बिस्तर की क्षमता वाली अस्पताल में गैलरी में नल लगाए गए हैं जो गर्म पानी दे रहे हैं। नई ओपीडी के पास आरओ वॉटर कूलर लगा है, उसमें भी ठंडा पानी नहीं निकल रहा है। इसमें तीन बटन दिए गए हैं और तीनों को दबाने पर एक जैसा गर्म पानी ही निकल रहा है। यह आरओ वॉटर पानी ठंडा नहीं कर रहा है। ओपीडी में सुबह से दोपहर तक मरीजों की भीड़ लगी रहती है। उन्हें अपनी प्यास बुझाने के लिए बाजार से ठंडे पानी की बोतल मंगवाकर प्यास बुझानी पड़ रही है। ट्रॉमा वार्ड के सामने नल तो लगे हैं लेकिन लोग उसका पानी नहीं पी रहे हैं। इनमें भी ठंडा पानी नहीं आता। एमसीएच बिल्डिंग में कैंटीन के पास लगे नल भी गर्म पानी दे रहे हैं। यहां कैंटीन में 10 और 20 रुपये में पानी की बोतल जरूर मिल जाती है जिसे मरीज व उनके परिजन खरीद रहे हैं। अब स्थिति यह है कि मरीज के परिजन घर से ही पानी भरकर ला रहे हैं।

## कॉलरी अधिकारी के घर में सेंध लगाकर चोरी, पत्नी और बच्चे सोते रहे, बाहर से गेट बंद कर गए चोर

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलरी अधिकारी के घर पर चोरों ने सेंधमारी कर दी। चोर घर में रखे गहने और नगदी समेत कीमती सामान चोरी कर लिए। जिस दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया उस समय कॉलरी अधिकारी ड्यूटी पर गए थे और उनकी पत्नी और बच्चे घर में सो रहे थे। चोरी के बाद चोर बाहर से दरवाजा बंद कर फरार हो गए। दरअसल, बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कपिलधारा कॉलोनी के क्वार्टर नंबर सी 13 में निवासरत योगेंद्र कुमार सहाय कॉलरी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। वे रात में ड्यूटी पर गए थे, उनकी पत्नी और बच्चे घर में सो रहे थे। इस दौरान चोर घर की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे और जिस कमरे में महिला और बच्चे सो रहे थे उसकी बाहर से कुंडी लगा दी। इसके बाद घर में रखे चार तोला सोने के गहने, 15 हजार रुपये नगद और घड़ी समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब लगी, जब सुबह महिला उठी और कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। फोन से सूचना देने के बाद कॉलरी अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्हों चोरी की जानकारी लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नर्मदा नदी में बैग से मिला युवती का शव, नहीं हो सकी पहचान, हत्या की आशंका

**सीहोर।** सीहोर जिले के बुदनी के जोशीपुरा गांव के पास नर्मदा नदी में एक बैग से अज्ञात युवती का शव मिला है। युवती की उम्र 18 से 22 साल के बीच बताई जा रही है। जिसकी अभी पहचान नहीं हो सकी है। शव के इस तरह से मिलने के कारण पुलिस को संदेह है कि किसी ने युवती की हत्या कर शव को नदी में फेंका दिया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार बुदनी के जोशीपुरा गांव के पास नर्मदा नदी में काले रंग के बैग में बंद एक अज्ञात युवती का शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में सूचना देकर युवती की पहचान करने में जुटी है। प्रथम दृष्ट्या पुलिस मामले को हत्या से जोड़कर देख रही है। मामले में बुधनी थाना प्रभारी चैन सिंह का कहना है कि कल शाम को पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम जोशीपुरा के पास नर्मदा नदी में एक बैग में शव पड़ा है। इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। इसे देखने पर ऐसा लग रहा है कि शव 2 से 5 दिन पुराना है। युवती की उम्र 18 से 22 साल के बीच की हो सकती है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन युवती के संबंध में अभी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है।

## बीना सिविल अस्पताल में इलाज कराने के लिए पहुंचीं नपा अध्यक्ष, डॉ.- आप अध्यक्ष तो नहीं लग रहीं





**सागर।** बीना का सिविल अस्पताल अव्यवस्थाओं को लेकर अक्सर चर्चा में रहता है। जिसे लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों तक से गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन, अव्यवस्थाएं जस की तस बनी हुई है। इस अवस्था का शिकार नगर पालिका अध्यक्ष भी हो गईं, जो रात में पेट दर्द से परेशान होकर उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंची थीं। उपचार नहीं मिलने पर उन्हें बताना पड़ा कि वह नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार हैं। जिस पर डॉक्टर ने यह तक कह दिया कि आप अध्यक्ष नहीं लग रही हैं। हालांकि, बाद में मामला बिगड़ता देख डॉक्टर ने अध्यक्ष का उपचार किया। लेकिन, उन्हें आराम नहीं मिला तो उन्हें प्राइवेट अस्पताल जाना पड़ा। अब आप समझ सकते हैं कि जब जनप्रतिनिधियों का सिविल अस्पताल में यह हाल है तो आम लोगों के साथ क्या होता होगा। सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद बी ड़ी रजक, विजय लखेरा जितेंद्र बोहरे सहित कई नेता और कार्यकर्ता सिविल अस्पताल पहुंचे और धरने पर बैठ गए।

# 8 साल, 170 नोटिस, फिर भी अवैध कॉलोनियों पर नहीं हुई कार्रवाई

### नगर निगम क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों की संख्या भी तय नहीं- पिछले 15 सालों में 200 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां बनी

**सागर ■**

अवैध कॉलोनियों के मकडजाल ने शहर को अव्यवस्थित बनाने का काम किया है। अवैध कॉलोनियों की शिकायत पर सागर नगर निगम के मामले लोकायुक्त तक पहुंचे, जिसमें गोपालगंज और मोतीनगर में दो एफआइआर के रूप में चार कॉलोनाइजर्स व बिल्डर्स पर मुकदमे भी दर्ज हुए। इतना ही नहीं पिछले वर्ष विस चुनाव के पूर्व 170 से ज्यादा लोगों को नोटिस जारी किए गए, फिर भी अवैध कॉलोनियां काटने वालों के विरुद्ध आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वर्ष-2016 में हुए सर्वे में निगम सीमा क्षेत्र में 272 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां बताईं गईं थीं।



### सूची जारी करने पर लाखों खर्च किए

सागर नगर निगम समेत, मकरोनिया, रहली, गढ़ाकोटा, देवरी आदि क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों की सूची सार्वजनिक करने के लिए प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च किए। अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया के दौरान यह कार्रवाई की गई, लेकिन 2018 में कमलनाथ सरकार आने के बाद फिर प्रक्रिया रुक गई। अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई 2016 में शुरू हुई थी।

### डेढ़ दशक में 200 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां बनीं

प्रॉपर्टी के कारोबार से जुड़े लोगों का दावा है कि नगर निगम क्षेत्र और इससे लगे इलाकों में पिछले 15 सालों में 200 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां का निर्माण हुआ है। प्रशासन ने 2016 से 2022 तक 102 कॉलोनियां बनने का पूर्व में खुलासा किया था। अवैध कॉलोनियों के मामले में प्रशासन अब तक सिर्फ नोटिस जारी करने तक ही सीमित रहा है।

### दोबारा सर्वे की जरुरत

अवैध कॉलोनियों की संख्या को लेकर हमेशा ही विवादित स्थिति रही है। निगम प्रशासन लंबे समय से अपने क्षेत्र में 272 अवैध कॉलोनियां होना बताता रहा है, जबकि नगरीय प्रशासन एव विकास विभाग भोपाल के रिकार्ड में 125 अवैध कॉलोनियां थीं। प्रॉपर्टी से जुड़े लोग निगम और उससे लगे क्षेत्रों में 400 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां बन जाने का दावा करते आ रहे हैं। अवैध कॉलोनियां का शहर में नए सिरे से सर्वे के जरुरत है।

### इन क्षेत्रों में ज्यादा बनीं अवैध कॉलोनियां

तिली, गोपालगंज, बाघराज, शिवाजीवार्ड, कनेरादेव, मोतीनगर, रविदास वार्ड, विठ्ठलनगर, काकागंज, पंतनगर, अंबेडकरनगर, शास्त्रीवार्ड, सुभाषनगर आदि क्षेत्रों में सबसे ज्यादा अवैध कॉलोनियों का निर्माण हुआ है।

### अवैध कॉलोनियों से ये है नुकसान

- भूखंड के क्रय-विक्रय पर शासन को नियमानुसार राजस्व प्राप्त नहीं होता।

-कॉलोनाइजर्स व बिल्डर्स अवैध कॉलोनी में सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था नहीं करते, लिहाजा नगर निगम, विधायक, सांसद आदि निधियों से यह निर्माण कार्य करवाए जाते हैं।

-टीएंडसीपी की गाइडलाइन से कॉलोनी के विकसित न होने के कारण जलभराव की स्थिति निर्मित होती है।

-अवैध कॉलोनियां शहर को अव्यवस्थित बनाती हैं। कॉलोनियां तंग गलियों में बदल जाती हैं।

## भीषण गर्मी से बिगड़ रही सेहत, अस्पताल में भर्ती हो रहे मरीज, अस्पताल में जमीन पर लेटे हुए मरीज

**बालाघाट ■**

भीषण गर्मी से सेहत बिगड़ रही है। गर्मी और लू से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग बीमार हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ते जा रही है। उमस भरी गर्मी के कारण पेट दर्द, लू, डायरिया, बुखार के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। जिला चिकित्सालय में पलंग से अधिक मरीज होने के चलते उन्हें नीचे भी सुलाया जा रहा है। इधर, शुक्रवार को जिले में पारा करीब 44 डिग्री रहा है।



### डायरिया, बुखार, लू के मरीजों की संख्या बढ़ी

भीषण गर्मी के चलते लू-लपट और हीटवेव से डिहाईड्रेशन के शिकार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उल्टी-दस्त से बीमार होने वालों की तादाद बढ़ी है। गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी भी जारी की है। भीषण गर्मी का प्रकोप सभी ओर देखा जा रहा है। दोपहर में सडकें सूनी हो रही है। लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मरीजों की संख्या बढने.के साथ ही अस्पतालों के वार्ड भी फुल होने लगे हैं। जिला चिकित्सालय में इसका नजारा देखा जा सकता है। ग्रामीण अंचलों के अस्पतालों में भी यही स्थिति बनी हुई है। इसके अलावा निजी नर्सिंग होम में भी मरीज भर्ती हो रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गर्मी का प्रकोप कितना है।

### हीट स्ट्रोक से दो लोगों की हो चुकी है मौत

जिले में हीट स्ट्रोक से दो लोगों की मौत हो चुकी है। बीते सप्ताह कटंगी में एक युवक की मौत हुई थी। वहीं 30 मई को लालबर्रा में एक किसान की मौत हुई है। हीट स्ट्रोक के प्रकोप को देखते हुए मौसम वैज्ञानिक और स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी से बचाव के लिए सुझाव भी दिए हैं।

**गर्मी में घर को ऐसे रखें ठंडा**

मौसम वैज्ञानिक डॉ. धर्मेन्द्र आगाशे के अनुसार अपने घर को ठंडा रखने के लिए फर्श और छत की नियमित धुलाई करें। पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें। रात में वेंटीलेशन के लिए खिड़कियां खुली रखें। शरीर को ठंडक देने के लिए पंखे और गीले कपड़ों का प्रयोग करें। दिन के दौरान निचली मंजिलों पर रहने की कोशिश करें। धूप में बाहर जाने से बचें और नंगे पैर बाहर न निकलें।

## जानकारी नहीं देने पर एसडीम पर लगाया 25000 का जुमार्ना, राज्य सूचना आयोग ने की कार्रवाई

**ग्वालियर ■**

ग्वालियर में तत्कालीन एसडीएम लश्कर अनिल बनवारिया पर 25000 का जुमार्ना लगाया गया है। यह जुमार्ना राज्य सूचना आयोग मध्य प्रदेश में लगाया है। बताया जा रहा है कि एसडीएम ने सूचना के अधिकार की जानकारी नहीं दी थी और नोटिस पर आयोग में उपस्थित भी नहीं हुए थे। इसके बाद उन पर जुमार्ना लगाया गया है। एसडीएम अनिल बनवारिया वर्तमान में अशोकनगर में पद पर पदस्थ है।



ग्वालियर में 8 अप्रैल 2022 का मामला है, जब जनसुनवाई में अतिक्रमण को लेकर एक आवेदन दिया गया था। लंबे समय तक जब इसकी सुनवाई नहीं हुई तो फरियादी ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी। लेकिन, इसमें कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद मामला राज्य सूचना आयोग तक पहुंच गया और सुनवाई के लिए तत्कालीन लोग सूचना अधिकारी वह एसडीएम लश्कर और वर्तमान में अशोकनगर एसडीएम अनिल बनबारिया को नोटिस जारी किए गए। नोटिस पर भी सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए तो राज्य सूचना आयोग ने अनिल बनवारिया पर 25000 का जुमार्ना लगाया है। बता दें कि नीरज नामदेव ने अतिक्रमण को लेकर ग्वालियर कलेक्ट में दिए आवेदन से जानकारी मांगी थी। लेकिन, 30 दिन के अंदर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। इसके बाद इसकी दूसरी अपील की गई, इसमें भी आवेदक को कोई जानकारी नहीं दी।

## एमपी में वंदेभारत एक्सप्रेस में धमाका मामले में बड़ी कार्रवाई, चालक की सूझबूझ से बचे यात्री

**भोपाल ■**

एमपी के मुरैना में वंदेभारत एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई। दो दिन पहले के इस मामले में रेलवे ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही रेल पथ निरीक्षक को मुरैना से हटा दिया गया है। भोपाल से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की पटरी पर रखे उपकरण से टक्कर हो गई थी जिससे तेज धमाका हुआ था। हादसे में ट्रेन का पार्किंग ब्रेकिंग सिस्टम भी खराब हो गया था। हादसे के कारण ट्रेन को मुरैना में ही रोकना पड़ा था।

यह बात भी सामने आई है कि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को बड़े हादसे से बचा लिया। चालक ने तुरंत ट्रेन की रफ्तार कम कर दी थी जिससे जानमाल का नुकसान नहीं हो सका। वंदेभारत एक्सप्रेस के साथ हुए हादसे के इस



मामले में रेलवे ने सभी आरोपी कर्मचारियों की विभागीय जांच भी चालू कर दी है। वंदे भारत ट्रेन 29 मई की सुबह मुरैना रेलवे स्टेशन के पास हादसे का शिकार हो गई थी। यहां रेलवे लाइन पर वेल्डिंग का काम चल रहा था तभी वेल्डिंग मशीन को उसी पटरी पर रख दिया जिसपर वंदेभारत आ रही थी। ट्रेन पटरी पर रखी वेल्डिंग मशीन से टकरा गई। टक्कर से हुए तेज धमाके से यात्री बुरी तरह डर गए। इससे ट्रेन का पार्किंग ब्रेकिंग सिस्टम भी खराब हो गया था। करीब 57 मिनट तक मरम्मत करने के बाद ट्रेन को दिल्ली की ओर रवाना किया जा सका था।

## बोदलकछार हत्याकांड में घायल 10 साल के बच्चे को चार लाख की सहायता

**छिंदवाड़ा ■**

छिंदवाड़ा के बोदलकछार हत्याकांड में घायल 10 वर्षीय इशु सुइयाम के इलाज के लिए सख्त आदेश दिए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि उसके इलाज में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उसके इलाज के लिए 4 लाख की सहायता राशि भी प्रदान की गई है। नागपुर से डिस्चार्ज के बाद घायल बालक का इलाज प्रशासन और डाक्टरों की निगरानी में जिला अस्पताल में होगा। जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो जाता, तब तक अस्पताल में रहेगा। यहां डाक्टरों की निगरानी में पूरी तरह इलाज होगा। उसकी सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही एक डॉक्टर की टीम भी हमेशा तैनात रहेगी।

गौरतलब है कि बोदलकछार हत्याकांड में आरोपी ने इशु को कुल्हाड़ी से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था। इस हमले में उसे चेहरे और जबड़े में गंभीर चोटें आई थी। गंभीर हालत में उसे जिला



अस्पताल लाया गया था। यहां से प्राथमिक उपचार होने के बाद नागपुर रेफर कर दिया गया था। उसके जबड़े की साफ सफाई करने के बाद गाल में टांके लगा दिए गए हैं। वहां से डिस्चार्ज होने के बाद इशु को मेडिकल संबद्ध जिला अस्पताल के एसआईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह इशु को देखने पहुंचे। उनके साथ एसडीएम सुधीर जैन, सीएमएचओ जीसी चौरसिया, सिविल सर्जन एमके सोनिया, अस्थि रोग विशेषज्ञ सहित अन्य डाक्टरों की टीम मौजूद थी। डाक्टरों की टीम ने बच्चे का चेकअप किया। इसके बाद कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि उसके पास पुलिस बल लगा दिया जाए। साथ ही एक डॉक्टर की टीम उसके स्वास्थ्य की देखरेख करेगी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि बच्चे के इलाज में किसी तरह की कोई कोताही न बरती जाए। उसके इलाज के लिए चार लाख रूपए की सहायता राशि भी प्रदान की गई गई। कलेक्टर ने घायल बच्चे के परिजनों से बातचीत करते हुए कहा कि अभी उसे घर नहीं ले जाना है। वहां किसी तरह की सुविधा नहीं है। उसकी देखरेख नहीं हो पाएगी।

## यौन उत्पीड़न केस में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई ने एमपी में किया बड़ा अनुष्ठान

**भोपाल।** कर्नाटक में यौन उत्पीड़न केस में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई ने एमपी में गुपचुप बड़ा अनुष्ठान किया है। जद (एस) के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज रेवन्ना गुरुवार को देर रात एमपी आए। अश्लील वीडियो केस में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज सुबह सुबह मंदिर पहुंचे और अनुष्ठान किया। सूरज रेवन्ना के अनुष्ठान को बेहद गोपनीय रखा गया था। उनके दादा पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर सूरज के लिए VIP व्यवस्था कराने को कहा था। सूरज रेवन्ना ने आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा में प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में अनुष्ठान किया। वे गुरुवार को रात में ही नलखेड़ा पहुंच गए थे। सुबह अनुष्ठान किया और इसके बाद वे ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की पूजा के रवाना हो गए। बगलामुखी देवी की पूजा अर्चना के लिए जिला प्रशासन ने सूरज रेवन्ना को प्रोटोकॉल के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

# महिलाओं के साथ कुंए में उतरे युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- सरकार का जल जीवन मिशन केवल कागजों पर

**भोपाल ■**

मध्य प्रदेश में पढ़ रही भीषण गर्मी के चलते कई क्षेत्रों में पानी की काफी कमी देखने को मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत देख कांग्रेस के युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव बड़वानी पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों से पानी की समस्या के बारे में चर्चा की। इतना ही नहीं उन्होंने महिलाओं के साथ कुंए में उतरकर खुद पानी भी भरा। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा सरकार की जल जीवन मिशन योजना केवल कागजों पर चल रही है।

**भोपाल में करेंगे आंदोलन**

मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने गांव कोलकी के लोगों को इस पानी की गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए वादा किया। नितिन सिंह ग्रामीणों की परेशानी को सरकार तक पहुंचा कर उसे पूरा कराने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा है कि शीघ्र ही जिला प्रशासन और राज्य सरकार गांव के इस पानी के संकट का समाधान नहीं करती तो मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस राजधानी भोपाल में आंदोलन करने पर उतारू होगी।

### पेयजल संबंधी समस्याओं को जाना

बड़वानी सेंधवा विधानसभा के अंतर्गत कोलकी गांव में शुक्रवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव अपने कार्यकताओं के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों से गांव में हो रही



पेयजल की समस्या के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वो गांव के खरते फलिया स्थित निजी कुंए पर पहुंचे, जहां गांव की महिलाएं बिना मुंडेर के कुंए में रस्सी के सहारे नीचे उतरकर पानी भर रही थी। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष खुद कुंए में रस्सी के सहारे उतरे और उन्होंने घड़े में पानी भरकर महिलाओं को दिया। खुद घड़ा उठाकर आधा किमी पैदल चलकर ग्रामीण के घर पहुंचे।

### भाजपा सरकार ने जल जीवन मिशन में सिर्फ घोटाला

मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष में कहा की हम साल 2024 में जी रहे हैं और आज भी ग्रामीण पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने जल जीवन मिशन में सिर्फ घोटाला किया है। नल तो लगाए पर इसमें टोटियां नहीं लगाई। उन्होंने कहा युवा कांग्रेस जहां-जहां समस्या है वहां लोगों के साथ खड़ी है। हम लोगों को उनका अधिकार दिलाकर रहेंगे। अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पिछले 20 वर्षों से भी अधिक और देश में पिछले 10 वर्षों से भाजपा की सरकारें है। राज्य में हर वर्ग चाहे वह आदिवासी, अनुसूचति जाति वर्ग के लोग ही क्यों न हों, उनके चहरों पर परेशानी के भाव साफ नजर आते हैं। देश अब 2024 की तरफ आगे बढ़ रहा है, हमें विकास के नाम पर ढ़ाक के दो पात ही नजर आते है। बता दें कि बड़वानी का यह कोलकी गांव पूरी तरह से आदिवासी बाहुल्य है।


**Alfavision Overseas (India) Limited**

CIN : L67120MP1994PLC008375

**Registered office** : 135, Old Gauri Nagar, , Indore, Madhya Pradesh, 452010

Contact No.: 0731-3074509, Email Id: alfavision@alfavalley.in, Website : www.alfavisionoverseasindia.com

**EXTRACT OF AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE YEAR & QUARTER ENDED ON 31ST MARCH, 2024**

(Rupees in Lakhs except EPS)

| SR. No. | Particulars | STANDALONE Current Year Ended 31.03.2024 Audited | Previous Year Ended 31.03.2023 Audited | Quarter Ended 31.03.2024 Audited | Corresponding Quarter Ended 31.03.2023 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 312.73 | 3081.13 | 10.53 | -57.70 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 27.64 | 69.33 | 10.21 | -105.55 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 27.64 | 69.33 | 10.21 | -105.55 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 27.64 | 69.33 | 10.21 | -105.55 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/ (Loss) for the period (after Tax) and other comprehensive Income (after tax) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | Equity Share Capital (Face value of Rs.1/-) | 315.26 | 315.26 | 315.26 | 315.26 |
| 7 | Other Equity (ExcludingRevaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | 3881.83 | 3853.83 | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | |
| | 1. Basic: | 0.09 | 0.22 | 0.03 | -3.35 |
| | 2. Diluted: | 0.09 | 0.22 | 0.03 | -3.35 |

Notes :

1 The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirments) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange webiste www.bseindia.com.

2 The above Audited Results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 30th May 2024.

For and on behalf of the Board of Directors

SD/-
RAVI GOYAL
DIRECTOR & CFO
DIN : 02839450

Place : Indore (M.P.)

Date: 30.05.2024